ई.एस.-331

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2006

ई.एस.-331 : पाठ्यक्रम तथा अनुदेशन

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

नोट :

*(i) सभी **चारों** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) सभी प्रश्नों की भारिता समान है ।

---

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दें ।

"पाठ्यचर्या मूल्यांकन" नामक अवधारणा से क्या अभिप्राय है ? हम पाठ्यचर्या मूल्यांकन क्यों करते हैं ? चर्चा करें ।

अथवा

किसी अनुदेशी प्रणाली के लिए उपयुक्त निवेश-प्रक्रिया-उत्पाद प्रतिरूप का वर्णन उदाहरण देकर करें ।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दें ।

माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक **विद्यालयी** स्तर पर प्रभावी अध्यापन के लिए अपेक्षित विभिन्न अध्यापन कौशलों की उदाहरण देकर व्याख्या करें ।

अथवा

उदाहरण देते हुए निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यनीतियों की विवेचना करें :

(i) अन्तःक्रिया विश्लेषण

(ii) अनुरूपण

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** का उत्तर दें । प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में हो :

(i) पाठ्यचर्या निर्माण का टायलर द्वारा प्रतिपादित मॉडल टाबा द्वारा प्रतिपादित मॉडल से किस भांति भिन्न है ?

(ii) उन विभिन्न कारकों की भूमिका की व्याख्या करें जिन्हें पाठ्यचर्या निर्माण करते समय ध्यान में रखा जाता है ।

(iii) उन कारणों की पहचान कर संक्षिप्त व्याख्या कीजिए जिनके कारण कोई अनुदेशी प्रणाली अप्रभावी हो जाती है ।

(iv) अभिक्रमित अनुदेशन की विभिन्न विधियों का अंतर स्पष्ट करें ।

(v) सूक्ष्म-अध्यापन उपागम के संगठन व मूल्यांकन का वर्णन करें ।

(vi) उदाहरण देकर अनुदेशन के विभिन्न स्तरों की चर्चा करें ।

(vii) क्रियाकलाप आधारित अनुदेशन की श्रेष्ठताओं व त्रुटियों की विवेचना करें ।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए ।

ई.एस. 331 पाठ्यक्रम के चौथे ब्लॉक में आपने अनुदेशात्मक मीडिया का अध्ययन किया होगा । आपने किसी शैक्षिक टी.वी./रेडियो प्रोग्राम को देखा या सुना होगा । तो

- उस प्रोग्राम की विषय-वस्तु, उद्देश्यों, फॉर्मेट तथा अधिगम उत्पादों की रूपरेखा प्रस्तुत करें ।
- चुने गए माध्यम का तर्काधार दें (टेलीविज़न अथवा रेडियो) ।
- कार्यक्रम के प्रभाव में सुधार के लिए उपाय सुझाएँ ।